# <u>हाउसिंग चॉइस वाउचर वेट लिस्ट FAQs</u>

**हाउसिंग चॉइस वाउचर (Housing Choice Voucher, HCV) प्रोग्राम क्या है?**
सामान्यत: सेक्शन 8 के रूप में वर्णित, HCV प्रोग्राम एक फेडरली फंडेड टेनन्ट बेस्ड रेंटल असिस्टेंस प्रोग्राम है, जो कम-आय परिवारों, बुजुर्गों और दिव्यांगों को प्राइवेट किराया बाज़ार में सभ्य, सुरक्षित और स्वच्छ घर दिलाने में सहायता प्रदान करता है। HACC, सीधे सम्पत्ति के मालिक को ही किराया का एक भाग का भुगतान करता है।

**हाउसिंग चॉइस वाउचर (Housing Choice Voucher, HCV) प्रोग्राम की वेटिंग लिस्ट कब खुलेगी और बंद होगी?**
HCV प्रोग्राम की वेटिंग लिस्ट 19 अक्टूबर को प्रात: 8:30 बजे खुलेगी और 2 नवम्बर को शाम 4:30 बजे बंद होगी।

**मैं ऑनलाइन एप्लीकेशन कैसे प्राप्त कर सकता हूँ?**
आप myportal.thehacc.org पर जाकर, वहां स्क्रीन पर ऊपर की तरफ दायी ओर कॉर्नर में "Applicant Login" बटन पर क्लिक करके ऑनलाइन एप्लीकेशन प्राप्त कर सकते हैं।

**क्या एप्लीकेशन प्रोसेस में मेरी मदद करने के लिए निर्देश उपलब्ध हैं?**
हां, Applicant Portal की होम स्क्रीन पर पीडीएफ में डाउनलोड किए जा सकने वाले निर्देश उपलब्ध होंगे।

**HCV प्रोग्राम के लिए एप्लीकेशन जमा करने में कितने रुपए लगते हैं?**
HACC के किसी भी आवास प्रोग्राम के लिए एप्लीकेशन जमा कराने में पैसे नहीं लगते हैं। HACC आपसे कभी भी कोई भुगतान जानकारी नहीं मांगेगा। साथ ही, वेट लिस्ट में आपके स्थान की गांरटी दे सकने या वेट लिस्ट में आपके स्थान ऊपर ला सकने का दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति को अपनी कोई भी व्यक्तिगत सूचना न दें।

**HACC कितनी एप्लीकेशन्स स्वीकार करेगा?**
HACC 19 अक्टूबर से 2 नवंबर के बीच जमा की गई पूर्ण एप्लीकेशन्स को ही स्वीकार करेगा। हालांकि, केवल 10,000 आवेदक ही HCV की वेट लिस्ट में शामिल होंगे।

**HCV की वेट लिस्ट में आवेदक को किस क्रम में रखा जाएगा?**
आवेदक रैंडम कंप्यूटराइज्ड लॉटरी प्रोसेस से सेलेक्ट किए जाएंगे और इसके अनुसार ही HCV की वेट लिस्ट में रखे जाएंगे।

**क्या HCV की वेट लिस्ट में प्लेसमेंट के लिए कोई प्रेफेरेंस हैं?**

नहीं, HCV की वेट लिस्ट में प्लेसमेंट के लिए कोई प्रेफेरेंस नहीं है। वेट लिस्ट में आवेदक के प्लेसमेंट के लिए एक रैंडम लॉटरी प्रोसेस का उपयोग किया जाता है।

**क्या मेरे परिवार के एक से अधिक सदस्य एप्लीकेशन जमा कर सकते हैं?**

हां, लेकिन प्रत्येक आवेदक की उम्र में इलिनोइस कानून के अनुसार 18 वर्ष या उससे अधिक या स्वच्छंद नाबालिग होना चाहिए।

**HACC के HCV प्रोग्राम में भाग लेने के लिए क्या एलिजिबिलिटी आवश्यक हैं?**

HCV प्रोग्राम में एलिजिबिलिटी के लिए, आवेदक को निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना होगा:

- 18 वर्ष या उससे अधिक आयु या स्वच्छंद नाबालिग होना चाहिए।
- HACC के एडमिनिस्ट्रेटिव प्लान में बताई गई सभी एलिजिबिलिटी आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए - आप HACC के एडमिनिस्ट्रेटिव प्लान की एक कॉपी HACC की वेबसाइट www.thehacc.org के होम पेज से प्राप्त कर सकते हैं।
- HACC के मेट्रोपोलिटन क्षेत्र के लिए आवास और शहरी विकास विभाग द्वारा निर्धारित आय दिशानिर्देशों को पूरा करना चाहिए। अधिकतम आय, 50% एरिया मीडियन इनकम (area median income, AMI) के निम्नतर आय स्तर से अधिक नहीं हो सकती है।

| परिवार में सदस्य: | आय सीमा: |
|---|---|
| 1 | 31,850 |
| 2 | 36,400 |
| 3 | 40,950 |
| 4 | 45,500 |
| 5 | 49,150 |
| 6 | 52,800 |
| 7 | 56,450 |
| 8 | 60,100 |

**प्रोग्राम से पहले भी टर्मिनेट हो जाने पर भी, क्या मैं HCV वेटिंग लिस्ट के लिए अप्लाई कर सकता हूं?**

कोई भी HCV वेटिंग लिस्ट के लिए अप्लाई कर सकता है। हालाँकि, वेटिंग लिस्ट से सेलेक्ट किए जाने पर, आपकी एप्लीकेशन को फ़ेडरल नियमों और HACC के एडमिनिस्ट्रेटिव प्लान के अनुसार प्रोसेस किया जाएगा। आप HACC के एडमिनिस्ट्रेटिव प्लान की एक कॉपी HACC की वेबसाइट www.thehacc.org के होम पेज से प्राप्त कर सकते हैं।

**यदि मैं अन्य वेटिंग लिस्ट में हूं तो क्या मुझे HCV की वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट किया जा सकता है?**

हाँ। किसी एक वेटिंग लिस्ट में आपके सेलेक्ट होने से, अन्य वेटिंग लिस्ट में आपकी प्लेसमेंट की एलिजिबिलिटी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

**यदि मैं हाल ही में HACC की वेटिंग लिस्ट में हूं, तो क्या HCV की वेटिंग लिस्ट में प्लेसमेंट का, किसी अन्य वेटिंग लिस्ट में मेरे स्टेटस पर प्रभाव पड़ेगा?**

नहीं, किसी अन्य वेटिंग लिस्ट में आपका प्लेसमेंट नहीं बदलता है।

**HCV की वेटिंग लिस्ट के लिए एप्लीकेशन जमा करने के बाद की प्रक्रिया क्या है?**

एप्लीकेशन जमा करने के बाद, आपको नोटिफिकेशन मिलेगा कि आपकी एप्लीकेशन सफलतापूर्वक जमा हो गई। सबसे पहला ईमेल बस यह बताता है कि आपकी एप्लीकेशन सफलतापूर्वक पूरी हो गई है, न कि आप HCV की वेटिंग लिस्ट में हैं। नोटिफिकेशन में आपको HCV की वेटिंग लिस्ट में सिलेक्शन की प्रक्रिया के अगले स्टेप के बारे में बताया जाएगा।

**क्या मेरे पास एप्लीकेशन जमा करने के लिए एक ईमेल एड्रेस होना चाहिए?**

हाँ। HACC के पास आवेदक का ईमेल एड्रेस होना आवश्यक है। आवेदक जीमेल (Gmail), याहू (Yahoo) या किसी अन्य फ्री सोर्स से एक फ्री ईमेल एड्रेस बना सकते हैं। HACC ईमेल के माध्यम से परिवारों के साथ अधिक से अधिक कम्यूनिकेट कर रहा है। यह रेगुलर मेल की तुलना में अधिक तेज़ और सुरक्षित है और आमतौर पर यह एक फिजिकल एड्रेस की तरह बार-बार नहीं बदलेगा।

**क्या मुझे HCV की वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट किए जाने या न किए जाने के बारे में सूचित किया जाएगा?**

हाँ। आपको दोनों सिलसिलों में सूचित किया जाएगा।

**नोटिफिकेशन न मिलने पर मुझे क्या करना होगा?**

स्टेटस कन्फर्म करने के लिए कृपया हमारे एप्लीकेशन पोर्टल (rent café) पर लॉग इन करें।

**मुझे यह कब सूचित किया जाएगा कि मुझे HCV की वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट किया गया है या नहीं?**

वेट लिस्ट एप्लीकेशन पीरियड के समापन के 30 दिनों के भीतर आपको सूचित किया जाएगा।

**यदि मैं वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट किया जाता हूँ, तो क्या मैं आवास के लिए ऑटोमेटिकली क्वालीफाई हूं?**

वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट व्यक्ति को एलिजिबिलिटी के लिए प्रोसेस किया जाएगा। वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट सभी आवेदक आवास के लिए क्वालीफाई नहीं हो सकते और वेटलिस्ट से बाहर होने बाद भी व्यक्ति को एलिजिबिलिटी आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। HCV की वेटिंग लिस्ट में प्लेसमेंट होने से आपको सहायता देने की गारंटी नहीं दी जाती।

**यदि मैं वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट होता हूँ, तो कैसे मैं अपना एप्लीकेशन स्टेटस जान सकता हूँ?**

आपके वेट लिस्ट में सेलेक्ट होने की जानकारी के लिए, आपको ईमेल प्राप्त होगा। आप Rent Café पोर्टल पर लॉग इन करके भी अपना ऑनलाइन स्टेटस जान सकते हैं।

**यदि मैं HCV की वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट होता हूँ तो क्या मैं किसी अन्य वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट नहीं हो सकूंगा?**

नहीं। आप एक ही समय में एक से अधिक वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट हो सकते हैं। HCV की वेटिंग लिस्ट में आपके सेलेक्ट होने से, अन्य वेटिंग लिस्ट में आपकी प्लेसमेंट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

**यदि मैं वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट होता हूँ, तो मुझे आवास सहायता कब प्राप्त होगी?**

HCV की वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट होना, आवास की गारंटी नहीं देता है। एक बार वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट होने के बाद, आवेदक को वेटिंग लिस्ट में उनके क्रम तथा HACC फंडिंग की उपलब्धता के आधार एलिजिबिलिटी निर्धारण के लिए चुना जाता है। केवल एलिजिबल आवेदक को ही आवास सहायता प्राप्त होगी। HACC, वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट होने के 4 वर्षों के भीतर सभी आवेदक के साथ प्रोसेस करने की उम्मीद रखता है।

**लॉटरी में मेरे सेलेक्ट होने के चांस बढाने के लिए, क्या मैं एक से अधिक एप्लीकेशन जमा कर सकता हूँ?**

नहीं। डुप्लीकेट सोशल सिक्यूरिटी नंबर के साथ जमा की गई एप्लीकेशन स्वीकार नहीं की जाएगी।

**हाउसिंग चॉइस वाउचर (Housing Choice Voucher, HCV) प्रोग्राम की वेटिंग लिस्ट कब क्लोज होगी?**

HCV प्रोग्राम की वेटिंग लिस्ट 2 नवम्बर को शाम 4:30 बजे बंद होगी।

**HCV की वेट लिस्ट में आवेदक को किस क्रम में रखा जाएगा?**

आवेदक रैंडम कंप्यूटराइज्ड लॉटरी प्रोसेस से सेलेक्ट किए जाएंगे और इसके अनुसार ही HCV की वेट लिस्ट में रखे जाएंगे। वेटलिस्ट एप्लीकेशन पीरियड के समापन के 30 दिनों के भीतर यह प्रोसेस किया जाएगा।

**यदि मैं अन्य वेटिंग लिस्ट में हूं तो क्या मुझे HCV की वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट किया जा सकता है?**

हाँ। एक से अधिक वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट होना पॉसिबल है, मगर एक ही प्रोग्राम के लिए सहायता दी जाएगी।

**क्या कोई HCV की वेट लिस्ट में प्लेसमेंट के लिए प्रेफेरेंस हैं?**

नहीं, प्रतीक्षा सूची में नियुक्ति के लिए कोई प्राथमिकता नहीं है।

**क्या मुझे HCV की वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट किए जाने या न किए जाने के बारे में सूचित किया जाएगा?**

हाँ। आपको दोनों सिलसिलों में सूचित किया जाएगा।

**नोटिफिकेशन न मिलने पर मुझे क्या करना होगा?**
स्टेटस कन्फर्म करने के लिए कृपया हमारे एप्लीकेशन पोर्टल (rent café) पर लॉग इन करें।

**मुझे यह कब सूचित किया जाएगा कि मुझे HCV की वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट किया गया है या नहीं?**
वेटलिस्ट एप्लीकेशन पीरियड के समापन के 30 दिनों के भीतर आपको सूचित किया जाएगा।

**यदि मैं वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट किया जाता हूँ, तो क्या मैं आवास के लिए ऑटोमेटिकली क्वालीफाई हूं?**
नहीं। वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट व्यक्ति को एलिजिबिलिटी के लिए प्रोसेस किया जाएगा। वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट सभी आवेदक आवास के लिए क्वालीफाई नहीं हो सकते और वेटलिस्ट से बाहर होने बाद भी व्यक्ति को एलिजिबिलिटी आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। HCV की वेटिंग लिस्ट में प्लेसमेंट होने से आपको सहायता देने की गारंटी नहीं दी जाती।

**यदि मैं वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट होता हूँ, तो कैसे मैं अपना एप्लीकेशन स्टेटस जान सकता हूँ?**
आपके वेट लिस्ट में सेलेक्ट होने की जानकारी के लिए, आपको ईमेल प्राप्त होगा। आप Rent Café पोर्टल पर लॉग इन करके भी अपना ऑनलाइन स्टेटस जान सकते हैं।

**यदि मैं HCV की वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट होता हूँ तो क्या मैं किसी अन्य वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट नहीं हो सकूंगा?**
नहीं। आप एक ही समय में एक से अधिक वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट हो सकते हैं। HCV की वेटिंग लिस्ट में आपके सेलेक्ट होने से, अन्य वेटिंग लिस्ट में आपकी प्लेसमेंट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

**यदि मैं वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट होता हूँ, तो मुझे आवास सहायता कब प्राप्त होगी?**
HCV की वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट होना, आवास की गारंटी नहीं देता है। एक बार वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट होने के बाद, आवेदक को वेटिंग लिस्ट में उनके क्रम तथा HACC फंडिंग की उपलब्धता के आधार एलिजिबिलिटी निर्धारण के लिए चुना जाता है। केवल एलिजिबल आवेदक को ही आवास सहायता प्राप्त होगी। HACC, वेटिंग लिस्ट में सेलेक्ट होने के 4 वर्षों के भीतर सभी आवेदक के साथ प्रोसेस करने की उम्मीद रखता है।

**वेटलिस्ट एप्लीकेशन पीरियड निकल गया है, तो HCV का वेटलिस्ट फिर से कब ओपन होगा?**
वेटलिस्ट ओपन होने का समय वार्षिक आधार पर दी जाने वाली फ़ेडरल फंडिंग पर निर्भर करता है, अत: HACC दूसरी वेटलिस्ट ओपन होने की निर्धारित तारीख नही बता सकता। हम आपको नियमित रूप से

हमारी वेबसाइट www.thehacc.org देखते रहने और वेटलिस्ट ओपन होने के संबंध में नोटिफिकेशन के लिए सोशल मीडिया चैनल्स (फेसबुक और ट्विटर) लगवाने की सलाह देते है।

## **सामान्य HCV प्रोग्राम FAQs**

**हाउसिंग चॉइस वाउचर (Housing Choice Voucher, HCV) प्रोग्राम क्या है?**

सामान्यत: सेक्शन 8 के रूप में वर्णित HACC द्वारा प्राइवेट किराया बाज़ार में सहायता राशि के माध्यम से सीधे सम्पत्ति के मालिक को ही किराया का एक भाग का भुगतान करके कम-आय व्यक्तियों एवं परिवारों को आवास सहायता प्रदान की जाती है।

**मेरे लिए कितना किराया तय किया गया है?**

किराया तय करने में परिवार के सभी सदस्यों की आय जोड़ी जाएगी। किराए म□□ भागीदार का हिस्सा आम तौर पर उसकी मासिक एडजस्टेड कुल आय (Adjusted Gross Income, AGI) का 30-40% है।

**क्या न्यूनतम किराया रिक्वायरमेंट् है?**

हाँ। HACC में 50.00$ की न्यूनतम किराया रिक्वायरमेंट् है। परिवार आय पर आधारित भागीदार की टोटल टेनन्ट पेमेंट (Total Tenant Payment, TTP) की गणना के अनुसार न्यूनतम किराया लिया जाएगा।

**पोर्टेबिलिटी क्या है?**

पोर्टेबिलिटी सुविधा, हाउसिंग चॉइस वाउचर दिए गए एलिजिबल परिवार को वाउचर का उपयोग करने और यूनाइटेड स्टेट्स में कहीं भी एक घर लीज़ पर लेने की अनुमति देती है बशर्ते कि घर HCV प्रोग्राम का संचालन करने वाली पब्लिक हाउसिंग अथॉरिटी के अधिकार क्षेत्र में स्थित हो।

**यदि मैं HACC वाउचर के लिए एलिजिबल हूं तो क्या मैं दूसरे क्षेत्राधिकार के लिए पोर्ट कर सकता हूं?**

यदि भागीदार HACC की HCV वेटिंग लिस्ट में एप्लीकेशन जमा कराते समय HACC के अधिकार क्षेत्र में रहता था, तो भागीदार तुरंत किसी अन्य क्षेत्राधिकार में पोर्ट कर सकता है। यदि नहीं, तो भागीदार को वाउचर के साथ एक वर्ष के लिए HACC के अधिकार क्षेत्र में रहना होगा। सहायता प्राप्त होने के एक वर्ष के बाद, भागीदार पोर्ट आउट कर सकता है।

**मूव प्रोसेस में कितना समय लगता है?**

इस प्रक्रिया को पूरा होने में लगने वाला समय, इस बात पर निर्भर करता है कि कितनी जल्दी पूरी तरह से डॉक्यूमेंटेशन जमा किया गया है, घर को HQS इंस्पेक्शन पास करने में कितना समय लगेगा, और संभावित मकानमालिक को रेंट ऑफर मंजूर करने में कितना समय लगेगा। नोट: यदि भागीदार HACC के घर और किराए को मंजूरी देने से पहले ही घर में जाता है, तो अनुमोदन तिथि से पहले मालिक को दिए जाने वाले किराए की 100% जिम्मेदारी टेनन्ट की होगी।

**HACC भागीदार के लिए वाउचर का साइज़ कैसे निर्धारित करता है?**

वाउचर जारी करना पूरी तरह से परिवार के सदस्यों की संख्या पर आधारित है। HACC घर के हर दो सदस्यों के लिए एक बेडरूम जारी करेगा। HACC बेडरूम / सोने के कमरे में रहने वाले सदस्यों का निर्णय नहीं करता है।

उदाहरण के लिए:

एक घर में पांच सदस्य = 3 बेडरूम का वाउचर।

एक घर में चार सदस्य = 2 बेडरूम का वाउचर।

एक घर में तीन सदस्य = 2 बेडरूम का वाउचर।

एक घर में दो सदस्य = 1 बेडरूम का वाउचर।

**HCV मूव वाउचर कब तक वैध है?**

एक वाउचर 120 दिनों के सर्च टाइम के लिए जारी किया जाता है। भागीदार को एक नया घर तलाशना होगा और 120 दिन की अवधि के खत्म होने पर मूव पैकेज वापस करना होगा। हालांकि, ऐसे भागीदार जो एक्टिवली घर ढूंढ रहे हैं, लेकिन किसी कारण के कारण 120 दिन की अवधि में घर नहीं ढूंढ पाएं ह□□, वें वाउचर पर अतिरिक्त 60 दिनों के सर्च टाइम का अनुरोध कर सकते हैं।

**क्या कोई भागीदार किसी रिश्तेदार** के घर किराये ओर रह **सकता है?**

भागीदार रिज़नेबल अकोमोडेशन पर HACC की बिना किसी लिखित स्वीकृति के, अपने सगे-संबंधियों (जैसे माता-पिता, बच्चे, दादा-दादी, पोता-पोती, बहन, भाई, पति या पत्नी) या भागीदार के परिवार के किसी भी सदस्य के घर किराये पर नहीं रह सकते हैं।

**एक बार भागीदार को वाउचर मिलनर पर, क्या भागीदार अपनी करंट घर में अपने करंट मकान मालिक** किराये पर रह **सकता है?**

यदि घर HACC के अधिकार क्षेत्र में है, तो एक बार घर के इंस्पेक्शन पास कर लेने और किराया ऑफर स्वीकार कर लेने पर, HACC टेनन्ट को अपने करंट घर में रहने की स्वीकृति दे सकता है।

**HACC के HCV प्रोग्राम में कोई कैसे मकानमालिक बन सकता है?**

HACC HCV मकानमालिक बनने के बारे में अधिक जानकारी के लिए landlord@thehacc.org पर ईमेल करें।

**सिक्यूरिटी जमा राशि का भुगतान करने की जिम्मेदारी किसकी है?**

भागीदार सिक्यूरिटी जमा राशि का भुगतान करेगा। हालाँकि, HACC के कम्युनिटी चॉइस प्रोग्राम में नामांकित एलिजिबल प्रतिभागियों के लिए HACC सिक्यूरिटी जमा राशि प्रदान करता है। HACC के कम्युनिटी चॉइस प्रोग्राम के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.thehacc.org पर वेबसाइट पर जाएं।

क्या प्रतिभागियों को यूटिलिटीज के लिए भुगतान करना होगा?

भागीदार और मकानमालिक तय करते हैं कि प्रत्येक यूटिलिटी का भुगतान कौन करेगा। यदि भागीदार यूटिलिटीज का भुगतान करने के लिए जिम्मेदार है, तो HACC यूटिलिटी भत्ता प्रदान करता है जो उनके किराए के हिस्से को कम कर सकता है।

दिए गए घर में भागीदार कितने समय तक रह सकता है?

HACC को एक भागीदार के एक वर्ष तक घर में रहने की आवश्यकता होती है, जो आमतौर पर इनिशियल लीज़ की अवधि से मेल खाती है। यदि भागीदार पहले वर्ष के बाद भी घर में रहता है, तो लीज़ की अवधि मकानमालिक और टेनन्ट के बीच तय की जाती है। किसी भी समय भागीदार के जाने पर, भागीदार को नए घर में कम से कम एक वर्ष तक रहना होगा।

## Rent Café और Technology संबंधित FAQs

**जब मैं Rent Café पोर्टल पर रजिस्टर करने का प्रयास करता हूं तो मुझे इनवैलिड अकाउंट एरर क्यों दिखा रहा है?**

HACC में उनकी कुछ प्रॉपर्टीज के लिए अलग-अलग पोर्टल बनाए हुए हैं। कुछ प्रॉपर्टीज के लिए आपको प्रॉपर्टी ऑनलाइन एप्लीकेशन तक पहुंचने के लिए नया अकाउंट बनाना पड़ेगा।

**Rent Café पोर्टल पर रजिस्टर करने का प्रयास करने पर, "आपके द्वारा लिखा गया सोशल सिक्यूरिटी नंबर हमारे रिकार्ड्स से मेल नहीं खाता"- ये एरर मैसेज प्राप्त होने पर, मुझे क्या करना चाहिए?**
आपको यह एरर मैसेज प्राप्त हुआ क्योंकि उनके सिस्टम में आपका रिकॉर्ड दर्ज है। कृपया "Registration – SSN Mismatch" विषय पर HCVWaitlist2020@thehacc.org पर ईमेल करें और अपना पूरा नाम, DOB, ईमेल, पूरा सोशल सिक्यूरिटी नंबर और फोन नंबर लिखकर भेजें।

**क्या मुझे Rent Café अकाउंट बनाने के लिए रजिस्ट्रेशन कोड की आवश्यकता है?**
आपको Rent Café अकाउंट बनाने के लिए रजिस्ट्रेशन कोड की आवश्यकता नहीं है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के दौरान, "मेरे पास रजिस्ट्रेशन कोड नहीं है", का चयन करने का विकल्प है।

**मुझे अलर्ट क्यों आ रहा है कि मेरे पास पहले से ही Rent Café अकाउंट है। मुझे आपकी एजेंसी के Rent Café अकाउंट में साइनअप करना याद नहीं है?**
अन्य कंपनियां और एजेंसियां  Rent Café का उपयोग करती हैं। यदि आप Rent Café पर पहले से ही रजिस्टर किए हुए ईमेल से रजिस्टर करने का प्रयास करेंगे तो आपको यह अलर्ट प्राप्त होगा। अलर्ट से आपको पता चल जाएगा कि किस कंपनी म□□ आपका अकाउंट बना हुआ है। आप "Use My Existing Account" के विकल्प का चयन करके प्रोसीड सकते हैं या एक अलग ईमेल एड्रेस के साथ एक नया अकाउंट बना सकते हैं।

**मुझे Rent Café मकान मालिक यूजर के साथ मेरे ईमेल एड्रेस के लिंक होने का एरर मैसेज क्यों मिल रहा है? मैं कैसे प्रोसीड कर सकता हूं?**
आपका ईमेल एड्रेस मकानमालिक के रूप में Rent Café में रजिस्टर है। आप इस ईमेल एड्रेस का उपयोग नहीं कर सकते। आपको एक अलग ईमेल एड्रेस का उपयोग करना होगा। यदि आपके पास कोई अन्य ईमेल एड्रेस नहीं है, तो आप अपनी मर्जी के एक फ्री ईमेल प्रोवाइडर जैसे जीमेल (Gmail), याहू (Yahoo), या किसी अन्य ईमेल प्रोवाइडर के माध्यम से अकाउंट बना सकते हैं।

**अपना यूजर नाम भूल जाने पर, मुझे क्या करना चाहिए**?

**एजेंट:** आपका ईमेल एड्रेस ही आपका यूज़र नाम है। यदि आप अपना यूज़र नाम भूल गए हैं, तो कृपया अपना पूरा नाम, जन्म तिथि और अपने SSN के अंतिम चार अंकों के साथ Forgot User Name विषय पर HCVWaitlist2020@thehacc.org को ईमेल करें। कृपया एजेंसी से प्रतिक्रिया के लिए 48 घंटे का समय दें।

**Rent Café पर अपना पासवर्ड बदलने के लिए मुझे क्या करना चाहिए**?

लॉग इन पेज पर अपना पासवर्ड रिकवर करने का एक विकल्प है। *Forgot Password* को सेलेक्ट करें। अपना यूज़र नाम लिखें। आपका ईमेल एड्रेस ही आपका यूज़र नाम है। आपको अपना पासवर्ड रीसेट करने के लिए लिंक के साथ एक ऑटोमेटेड ईमेल प्राप्त होगा। इनबॉक्स में ईमेल नहीं होने पर, कृपया अपने स्पैम और जंक फ़ोल्डर को चेक करें। *reset password* लिंक पर क्लिक करें। अपना नया पासवर्ड लिखें। सभी पासवर्ड में कम से कम 10 अक्षर होने चाहिए और इनमें निम्नलिखित सभी शामिल होने चाहिए: एक छोटा अक्षर, एक बड़ा अक्षर, एक नंबर और एक सिम्बल।

**"आप अधिकतम असफल लॉगिन कर चुके हैं। अपने Rent Café अकाउंट को लॉग इन करने का प्रयास करते हुए, आप अपना पासवर्ड रीसेट करने के लिए फॉरगॉट पासवर्ड लिंक का उपयोग कर सकते हैं।" ऐसा अलर्ट मैसेज प्राप्त होने पर, मुझे क्या करना चाहिए?**

आपका अकाउंट अभी के लिए लॉक हो गया है। अपना अकाउंट अनलॉक करने के लिए, प्रॉम्प्ट पर दिए गए निर्देश फॉलो करें और फॉरगॉट पासवर्ड का चयन करें। पासवर्ड रीसेट निर्देश और स्क्रीनशॉट देखने के लिए प्रश्न 8 देखें।

**Rent Café अकाउंट के लिए पासवर्ड रिक्वायरमेंट्स क्या हैं?**

सभी पासवर्ड में कम से कम 10 अक्षर होने चाहिए और इनमें निम्नलिखित सभी शामिल होने चाहिए: एक छोटा अक्षर, एक बड़ा अक्षर, एक नंबर और एक सिम्बल।

**Rent Café अकाउंट को लॉग-इन करने पर, मुझे इनवैलिड लॉग इन एरर क्यों दिखा रहा है?**

इसका मतलब है कि आपका पासवर्ड या यूज़र नाम गलत है। अपना पासवर्ड रीसेट करने के लिए लॉग इन पेज पर फॉरगॉट पासवर्ड का चयन करें (स्क्रीनशॉट के लिए प्रश्न 8 देखें)। सभी पासवर्ड में कम से कम 10

अक्षर होने चाहिए और इनमें निम्नलिखित सभी शामिल होने चाहिए: एक छोटा अक्षर, एक बड़ा अक्षर, एक नंबर और एक सिम्बल।

**मेरा Rent Café अकाउंट लॉक हो जाने पर, मुझे क्या करना चाहिए?**

आपका अकाउंट लॉक कर दिया गया क्योंकि आप काफी बार गलत लॉग इन क्रेडेंशियल्स भर चुके हैं। आपका अकाउंट 30 मिनट बाद अपने आप अनलॉक हो जाएगा। यदि आप अपना पासवर्ड जानते हैं, तो आप 30 मिनट बाद फिर से लॉग इन करने का प्रयास कर सकते हैं। यदि आपको अपना पासवर्ड पता नहीं है या आप अभी लॉग इन करना चाहते हैं, तो लॉग इन पेज पर वापस जाएं और अपना पासवर्ड रीसेट करें। अपना पासवर्ड रीसेट करने से आपका अकाउंट तुरंत अनलॉक हो जाएगा। रीसेट पासवर्ड के लिए प्रश्न 8 देखें।

**मैं Rent Café पर ऑनलाइन एप्लीकेशन को कैसे पूरा करूं?**

HACC ने अपने Rent Café लॉग इन पेज पर एप्लीकेशन निर्देश दिए हैं। निर्देश जानने के लिए 'CLICK HERE' पर क्लिक करें। एप्लीकेशन निर्देश पृष्ठ 11 पर शुरू होते हैं।

यह URL निर्देश का लिंक है।

https://thehacc.org/wp-content/uploads/2020/03/How-to-Register-and-Submit-an-Application-Online-2020.03.09.pdf

**क्या मुझे एप्लीकेशन भरने के लिए कंप्यूटर की आवश्यकता है?**

नहीं। आप आधुनिक वेब ब्राउज़र वाले किसी भी उपकरण का उपयोग कर सकते हैं।

**क्या मैं अपने फोन से अप्लाई कर सकता हूं?**

आपके फोन में मोबाइल डेटा और/या वाई-फाई कनेक्शन और क्रोम, फ़ायरफ़ॉक्स, सैमसंग इंटरनेट आदि जैसे वर्किंग इंटरनेट ब्राउज़र होने पर, आप एप्लिकेशन भर सकेंगे।

**क्या मैं एप्लिकेशन भरने के लिए टैबलेट का उपयोग कर सकता हूं?**

एप्लिकेशन भरने के लिए, आपके टैबलेट में या तो मोबाइल डेटा कनेक्शन या वाई-फाई और क्रोम, फ़ायरफ़ॉक्स, सैमसंग इंटरनेट इत्यादि जैसे वर्किंग इंटरनेट ब्राउज़र की आवश्यकता होगी।

**क्या मुझे एप्लिकेशन भरने के लिए एक स्पेसिफिक ब्राउज़र की आवश्यकता है?**

आपके पास Internet Explorer, Microsoft Edge, Firefox, Chrome, Opera आदि अप टू डेट वेब ब्राउज़र होने पर, आप एप्लिकेशन भर सकते हैं।